प्रस्ताव

श्रीमान जी,

हरियाणा विधान सभा की तथ्यान्वेषी समिति जो कि वास्तव में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, उचाना मंडी (जींद) के तत्कालीन प्रधानाचार्य (श्री करतार सिंह) द्वारा यौन उत्पीड़न के मामलें में वर्ष 2005 से 2023 तक की अवधि के लिए सदन की अपनी बैठकें दिनांकित 15 तथा 18 दिसंबर, 2023 में उल्लेखित/चर्चा की गई सभी घटनाओं की जांच के लिए गठित की गई थी। इस मामले में, हरियाणा विधान सभा के आगामी सत्र की पहली बैठक अर्थात् फरवरी, 2024 में समिति का प्रतिवेदन करना वस्तुतः अपेक्षित था।

चूँकि मामला अत्याधिक संवेदनशील है। इसलिए समिति का विचार था कि विस्तृत जाँच के बिना समीक्षाधीन मामले पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना उचित नहीं होगा। जबकि यह मामला समिति के सक्रिय विचाराधीन है। परिणामस्वरूप, समिति ने 20 फरवरी, 2024 को सदन में एक प्रस्ताव प्रस्तुत करके अपना प्रतिवेदन सदन में प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय चाहा था। समिति आगे सिफारिश करती है कि कृपया प्रतिवेदन को प्रस्तुत करने का समय हरियाणा विधान सभा के अगले सत्र की प्रथम बैठक तक बढाया जाए।

इसलिए मैं प्रस्ताव करता हूं कि प्रतिवेदन को प्रस्तुत करने का समय हरियाणा विधान सभा के अगले सत्र की प्रथम बैठक तक बढाया जाए।

दिनांक: चंडीगढ़: **(कंवर पाल)**
13 मार्च, 2024. **चेयरमैन**